जौहरी बाजार में वाहन पार्किंग के नाम पर लोगों की जेब पर डाका डालने की तैयारी!

चौपहिया वाहन पार्किंग का शुल्क मात्र 2 घंटे के लिए 50 रु. और इसके बाद प्रत्येक घंटे के हिसाब से 100 रु. वसूलने की तैयारी में जुटा हैरिटेज नगर निगम प्रशासन

जयपुर (कासं)। जयपुर परकोटे के जौहरी बाजार में वाहन पार्किंग टैंडर की आड़ में आमजन की जेब पर डाका डालने की तैयारी है।

हैरिटेज निगम ने यहां चौपहिया वाहनों के लिए शुल्क शुरूआती 2 घंटे के लिए 50 रु. तय किया है, इसके बाद प्रत्येक घंटे के हिसाब से 100 रु. वसूली की छूट ठेकेदार को दी गई है। यानि कि अगर किसी ने 6 घंटे भी गाड़ी खड़ी की तो उसे शुरूआती दो घंटे के 50 रु. और इसके बाद 4 घंटे के 400 रु. देने पड़ेंगे। जो कि बहुत ज्यादा है।

मजेदार बात यह है कि पूर्व में हैरिटेज निगम ने जौहरी बाजार में दुपहिया वाहनों के लिए 10 रु. तथा चौपहिया वाहनों के लिए 30 रु. पार्किंग शुल्क (शुरूआती 3 घंटों के लिए) तय कर रखा था। इसके बाद कोई अतिरिक्त शुल्क वसूलने की छूट ठेकेदार को नहीं थी, यानि कि उसे हर हाल में वाहन हटाना ही पड़ता था। इस व्यवस्था से बाजार में दुकानदारों की ग्राहकी भी प्रभावित नहीं होती थी और खरीददारी के लिए आने वाले लोगों को वाहन खड़े करने की जगह भी मिल जाती थी।

सूत्रों ने बताया कि हैरिटेज निगम की राजस्व शाखा ने पिछले दिनों जौहरी बाजार में पार्किंग का टैंडर जारी करते हुए गुपचुप शर्तों में बड़ा बदलाव कर दिया। पूर्व में भी यहां 1 करोड़ रु. सालाना में पार्किंग ठेका दिया गया था, इस बार भी यह ठेका करीब इतनी ही राशि में देने की तैयारी है।

चर्चाएं है कि पार्किंग का काम देखने वाले ठेकेदारों ने आपस में ही ''पूल'' बनाकर ई-नीलामी में यह ठेका लिया है। यानि कि नगर निगम प्रशासन को राजस्व का कोई अतिरिक्त फायदा तो नहीं हुआ, परंतु ठेकेदार को आमजन से रोजाना के हजारों रु. की अवैध वसूली की खुली छूट मिल गई।

- **पूर्व में जौहरी बाजार में शुरूआती 3 घंटे के लिए चौपहिया वाहन की पार्किंग का शुल्क मात्र 30 रु. था, इसके बाद ठेकेदार को वाहन हटवाना ही पड़ता था, कोई अतिरिक्त शुल्क लेने की व्यवस्था नहीं दी**
- **चर्चाएं है कि हैरिटेज निगम की राजस्व शाखा ने चहेते ठेकेदार पर मेहरबानी के लिए टैंडर की शर्तों में यह बड़ा बदलाव किया है। इस टैंडर में सिर्फ एक फर्म शामिल हुई है, पार्किंग से जुड़े ठेकेदारों ने ''पूल'' बनाकर यह ठेका लेने की कोशिश की है।**
- **हैरानी की बात यह है कि पूर्व में भी यह टैंडर 1 करोड़ रु. सालाना में दिया गया था, इस बार भी हैरिटेज निगम को इतना ही राजस्व मिलेगा, परंतु ठेकेदार को अवैध वसूली की खुली छूट दी गई है।**

सूत्रों का कहना है कि जौहरी बाजार में पूर्व में दुपहिया वाहन चालकों के लिए 10 रु. और चौपहिया वाहन चालकों के लिए 30 रु. (शुरूआती 3 घंटों के लिए) शुल्क था। नीलामी की शर्तों में साफ था कि, पार्किंग स्थल पर अधिकतम 3 घंटे तक ही वाहन खड़े करवाये जा सकेंगे। अगर कोई वाहन 3 घंटे से ज्यादा समय तक खड़ा है, तो उसे हटाने की जिम्मेदारी ठेकेदार और यातायात पुलिस की थी। शर्तों में साफ लिखा था कि, ठेकेदार कोई भी अतिरिक्त शुल्क नहीं वसूल सकेगा। इसके साथ ही चौड़ा रास्ता मुख्य बाजार (पूर्व व पश्चिम) की ओर दुपहिया वाहन पार्किंग निःशुल्क थी।

इस बार हैरिटेज निगम की राजस्व उपायुक्त ने 13 जनवरी को जौहरी बाजार में पार्किंग का ठेका जारी करते हुए शर्तों में बदलाव कर दिया। चर्चाएं है कि चहेते ठेकदार को फायदा पहुंचाने के लिए शर्तों में यह बदलाव किया गया है। सूत्रों का कहना है कि इस टैंडर में सिर्फ एक ही फर्म शामिल हुई है, इसके बावजूद उसे कार्यादेश देने की तैयारी चल रही है।

जयपुर पार्किंग एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज सिंह गोतोड़ और उपाध्यक्ष डॉ. गणेश शर्मा का कहना है कि जौहरी बाजार पार्किंग का ठेका पूर्व में भी 1 करोड़ रु. का था, अभी भी इतनी ही राशि में यह ठेका दिया जा रहा है। पूर्व में दुपहिया वाहनों के 10 रु. और चौपहिया वाहनों के 30 रु. अतिकतम शुल्क तय था, जो कि 3 घंटे के लिए था। अब यह शुल्क भी बढ़ाया गया है, साथ ही प्रति घंटे के हिसाब से 100 रु. तय करके आमजन के साथ खुली लूट करने के आदेश हैरिटेज नगर निगम के अफसरों ने जारी किये हैं, जिसका हम विरोध करेंगे।

> **जौहरी बाजार में चौपहिया पार्किंग का शुल्क अगर शुरूआती 2 घंटे के लिए 50 रु. और इसके बाद प्रत्येक घंटे के हिसाब से 100 रु. तय किया गया है तो यह बिल्कुल भी न्याय संगत नहीं है। इस संबंध में कमिश्नर अरूण हसीजा और राजस्व उपायुक्त से बात करूंगी, परंतु आमजन के साथ किसी तरह की अवैध वसूली नहीं होने दी जायेगी।**
>
> कुसुम यादव, महापौर
> नगर निगम हैरिटेज जयपुर

हुक्का बार पर पुलिस का छापा, मैनेजर गिरफ्तार

जयपुर । ज्योति नगर थाना पुलिस ने रेस्टोरेंट की आड में चल रहे अवैध हुक्का बार पर कार्रवाई करते हुए एक आरोपित मैनेजर को गिरफ्तार किया गयाहै। पुलिस ने वहां से एक दर्जन से अधिक हुक्के,चिलम, पाइप, कटौरी व कई फ्लेवर जब्त किया है। यह हुक्का बार थाना इलाके में स्थित पंकज सिंघवी मार्ग पर स्थित फैरो अली किचन लालकोठी जयपुर में एक रेस्टोरेंट में चल रहा था। पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण दिगंत आंनद ने बताया कि ज्योति नगर थाना इलाके मे पिछले कुछ दिनों से फैरो अली किचन रेस्टोरेंट की आड़ में नौजवानों को हुक्का पिलाने की सूचना मिल रही थी। जिस पर एक पुलिसकर्मी को सादा वर्दी में भेज कर इसकी तस्दीक करवाई। इसके बाद पुलिस ने छापा मार कर मैनेजर जयप्रकाश शर्मा निवासी करवी जिला चित्रकूट उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार कर लिया। इसके अलावा मौके पर हुक्का पी रहे नौ लोगों का कोटवा एक्ट में 18 हजार रुपये का चालान भी काटा गया। साथ ही पुलिस ने वहां से एक दर्जन से अधिक हुक्के, चिलम, पाइप, कटिंग व कई फ्लेवर जब्त किया है।

दुपहिया वाहन चोर गिरफ्तार

जयपुर । मुहाना थाना पुलिस ने दुपहिया वाहन चुराने वाले एक शातिर वाहन चोर को पकडा है और उसके पास से चोरी की एक बाइक बरामद की है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण दिगंत आनंद ने बताया कि मुहाना थाना पुलिस ने दुपहिया वाहन चुराने वाले शातिर वाहन चोर पिन्टू बैरवा निवासी सिवाड जिला सवाई माधोपुर हाल मुहाना जयपुर को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से एक चोरी की बाइक बरामद की है।

सार-समाचार

संजय सिंह दूसरी बार प्रदेशाध्यक्ष बने

जयपुर । जलदाय विभाग के प्रमुख संगठन प्रांतीय नल मजदूर यूनियन इंटक राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष व प्रदेश महामंत्री के चुनाव जयपुर तिलक नगर जलदाय परिसर में बुधवार को संपन्न हुई। पूर्व कर्मचारी नेता एवं चुनाव अधिकारी रामवतार स्वामी और पर्यवेक्षक घासीलाल शर्मा के नेतृत्व में यह चुनाव कराए गए, जिसमे प्रदेश के हजारों जलदाय कर्मचारियों ने भाग लिया। चुनाव में सर्व सम्मति से संजय सिंह शेखावत को लगातार दूसरी बार प्रदेशाध्यक्ष चुना गया और महामंत्री राजेन्द्र सिंह सोलंकी को चुना गया। संघ के प्रदेशाध्यक्ष संजय सिंह शेखावत ने बताया कि चुनाव कार्यक्रम में राजस्थान से प्रत्येक जिलों से जलदाय कर्मचारियों ने भाग लिया। संगठन जलदाय विभाग में नई भर्ती स्टोर मुंशी प्रकरण सहित वर्कचार्ज कार्मिकों को नियमित कराने सहित अन्य मुद्दों को प्रमुखता से राज्य सरकार व जलदाय विभाग के समक्ष रखकर निवारण करने की मांग प्रमुखता से रखेगा।

गणतंत्र दिवस पर इकबाल सिंह का स्वागत

जयपुर । सी-स्कीम स्थित सेंट सोल्ज़र पब्लिक स्कूल व गर्ल्स पी.जी. कॉलेज की ओर से गणतंत्र दिवस पर आयोजित समारोह में इकबाल सिंह का स्कूल प्रबंधन की ओर से स्वागत किया गया। स्कूल के कोषाध्यक्ष सरदार जसबीर सिंह, स्कूल प्रधानाचार्य सोनल शर्मा और कॉलेज प्राचार्य डॉ. अनुपमा शर्मा ने उन्हें बुके व पौधा भेंटकर स्वागत किया।

शिविर में हुआ 21 यूनिट रक्तदान

जयपुर । अखिल समाज सेवा दल नमो हॉस्पिटल के द्वारा नेहरू नगर पानी पेच वार्ड 34 स्थित श्री नीलकंठ महादेव मंदिर में दानदाताओं के द्वारा 21 यूनिट एकत्रित की गई। समाजसेवी महेश सैनी ने बताया कि मुख्य अतिथि राष्ट्रपति पदक विजेता मनीष बैरवा के द्वारा रक्तदान कार्यकर्ताओं को ब्लड सर्टिफिकेट दिए गए इस आयोजन को भव्य बनाने में भामाशाह रामकिशन शर्मा, कालीचरण शर्मा, मनीष केडिया, विनोद कुमार नायक, अखिल समाज सेवा दल, जेपी सर काउंसलर ब्लड बैंक, सुनील जैन समाजसेवक, ताराचंद गुप्ता, मनीष केडिया, तोलाराम गट्टानी, राजू यादव, आशीष बागड़ा, कौशल सिंह, श्याम सुंदर अग्रवाल, सुमन नायक, इंद्रेश अग्रवाल, बाल कल्याण समिति मजिस्ट्रेट शांति भटनागर सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे। समाज सेवा के लिए आगे भी ऐसे रक्तदान का आयोजन किया जाएगा जिससे कि जरूरतमंद लोगों रक्तदाताओं के द्वारा यह सेवा उपलब्ध हो सके।

''द पैलेस स्कूल'' में वार्षिकोत्सव

जयपुर (कासं)। 'द पैलेस स्कूल के प्राथमिक कक्षा ने बुधवार को वेलनेस वंडरलैंड विषय पर अपना वार्षिकोत्सव उत्साह व हर्षोल्लास के साथ मनाया, जिसमें मानसिक स्वास्थ्य और भावनात्मक कल्याण पर ज़ोर दिया गया। विद्यार्थियों ने प्रभावशाली प्रस्तुतियों के माध्यम से एक सशक्त संदेश दिया: हर समय खुश रहना संभव नहीं है; यह केवल समय की बात है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने इस प्रासंगिक विषय पर प्रकाश डालने के लिए विद्यालय की सराहना की और युवा मन में सहनशीलता और सतर्कता विकसित करने के महत्त्व पर ज़ोर दिया। एक व्यंग्यात्मक नाटक 'पैरेंट्स इन प्राइमरी ने आधुनिक पालन-पोषण पर हास्य और अंतर्दृष्टि प्रदान की, जबकि प्रेरणादायक नाटक 'आई एम अ सुपरहीरो ने बच्चों को खुद पर विश्वास करने और साहसिक छोटे कार्यों की शक्ति में भरोसा रखने के लिए प्रेरित किया।भावपूर्ण नृत्य प्रस्तुतियों ने परिवर्तन और दृढ़ता को दर्शाया और समापन कार्यक्रम ने जीवंत कोरियोग्राफी के साथ जीवन और आनंद का जश्न मनाया, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। स्कूल की प्रधानाचार्या, उर्वशी वॉरमैन ने मुख्य अतिथि, अभिभावकों और विद्यार्थियों का धन्यवाद करते हुए इस कार्यक्रम को जागरूकता, सकारात्मकता और विकास का उत्सव बनाने के लिए सराहा, जिससे सभी लोग गहराई से प्रेरित हुए।

सड़क सुरक्षा पर कार्यशाला आयोजित

जयपुर । मानव सेवा ट्रस्ट राजस्थान एवं स्वास्थ्य कल्याण होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं रिसर्च सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में युवाओं के लिए सड़क सुरक्षा पर अभिविन्यास कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य सड़क सुरक्षा के महत्व को समझाना और उन्हें यातायात नियमों के पालन के प्रति जागरूक करना रहा जिसमें लगभग 200 प्रतिभागियों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा परिषद, परिवहन मंत्रालय, नई दिल्ली के सदस्य डॉ. निर्मल जैन ने उपस्थित युवाओं को राष्ट्रीय स्तर पर सड़क सुरक्षा के लिए चल रही योजनाओं और कार्ययोजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला विशिष्ट अतिथि डीन अकैडमी अरुण चौगले ने यातायात संबंधी नियमों की जानकारी साझा की।

आईडीएफसी बैंक को 339 करोड़ रु. लाभ

मुंबई । आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने 31 दिसंबर को समाप्त तिमाही और नौ महीनों के लिए बिना ऑडिट किए वित्तीय परिणाम जारी किए। कस्टमर डिपॉजिट्स में 28.8 फीसदी की वार्षिक वृद्धि दर्ज की गई, जो 31 दिसंबर, 2023 को 1,76,481 करोड़ रुपए थी और 31 दिसंबर, 2024 को बढ़कर 2,27,316 करोड़ रुपए हो गई। रिटेल डिपॉजिट्स में 29.6 फीसदी की वृद्धि हुई, जो 31 दिसंबर, 2023 को 1,39,431 करोड़ रुपए से बढ़कर 31 दिसंबर, 2024 को 1,80,752 करोड़ रुपए हो गई। कासा डिपॉजिट्स में 32.3 फीसदी की बढ़ोतरी हुई, जो 31 दिसंबर, 2023 को 85,492 करोड़ रुपए से बढ़कर 31 दिसंबर 2024 को 113078 करोड़ रुपए हो गई।

पशुओं को बेहत्तर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना लक्ष्य : मंत्री जोराराम

जामडोली स्थित पोस्ट ग्रेजुएट इन्स्टीट्यूट ऑफ वेटरिनरी एजुकेशन एंड रिसर्च संस्थान में बुधवार को कार्यशाला आयोजित की गई।

जयपुर । जामडोली स्थित पोस्ट ग्रेजुएट इन्स्टीट्यूट ऑफ वेटरिनरी एजुकेशन एंड रिसर्च संस्थान में बुधवार को पशुपालन डिप्लोमा कार्यक्रम: सुधार और उपलब्धियां विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में मुख्य अतिथि पद से बोलते हुए पशुपालन, डेयरी और गोपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने राज्य सरकार द्वारा पशुपालन के क्षेत्र में उठाए गए कदमों के बारे में जिक्र करते हुए कहा कि पशुओं को बेहतर चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराना हमारा लक्ष्य है। किसान और पशुपालक मजबूत होंगे तो राज्य मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में ग्रामीण क्षेत्रों में पशु चिकित्सा सेवाओं को मजबूत बनाने में पशुपालन डिप्लोमा कार्यक्रमों की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। राज्य में सरकारी और निजी संस्थानों के माध्यम से पशुपालन डिप्लोमा कोर्स संचालित किए जाते हैं, इसके लिए जरूरी है कि पशु चिकित्सा शिक्षा से जुड़े संस्थान गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर कुशल एवं सक्षम मानव संसाधन उपलब्ध कराएं।

20 लाख रुपये की स्मैक पकड़ी

जयपुर । कानोता पुलिस और जिला स्पेशल टीम (डीएसटी) जयपुर पूर्व ने ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले दो तस्करों को पकडा है और उनके पास से 95.24 ग्राम स्मैक जब्त की गई है। पुलिस के अनुसार जब्त की गई स्मैक की बाजार कीमत बीस लाख रुपये आंकी गई है। इसके अलावा वारदात में प्रयुक्त एक चौपहिया वाहन भी जब्त किया है।फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व तेजस्वनी गौतम ने बताया कि पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत कानोता थाना पुलिस और डीएसटी पूर्व ने कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ स्मैक की तस्करी करने वाले शातिर तस्कर राजकुमार मीणा और अजय कुमार मीणा को गिरफ्तार किया है और दोनो ही कुडगांव जिला करौली को गिरफ्तार किया गया है।

हाऊसिंग बोर्ड का कनिष्ठ विधि अधिकारी एक लाख रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार

इंदिरा गांधी नगर में परिवादी के पिता के नाम पर आवंटित मकान का मांग पर जारी करने की एवज में मांगी थी 2.5 लाख रुपए रिश्वत

जयपुर (कासं)। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की भरतपुर चौकी टीम ने बुधवार को कार्रवाई करते हुए इकाई द्वारा आज कार्यवाही करते हुए कार्यालय आवासन मण्डल जयपुर का कनिष्ठ विधि अधिकारी प्रशान्त गुप्ता को एक लाख रुपये रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया गया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो पुलिस महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि एसीबी भरतपुर चौकी को एक शिकायत मिली कि परिवादी के पिता के नाम राजस्थान हाउसिंग बोर्ड की विशिष्ठ पंजीकरण योजना 2003 के अन्तर्गत इंदिरा गांधी नगर जगतपुरा में आवास आवंटित हुआ था। पिता की मृत्यु पश्चात इस आवास का स्थानान्तरण

आरोपी प्रशांत गुप्ता

परिवादी के नाम हो गया था। जिस पर कार्यालय आवासन मण्डल जयपुर का कनिष्ठ विधि अधिकारी प्रशांत गुप्ता की ओर से आवास का मांग पत्र जारी करने की एवज में ढाई लाख रुपये की रिश्वत की मांग कर रहा है।

- **ए.सी.बी. इस मामले में संदिग्ध उप सचिव अनिल पालीवाल की भूमिका भी जांचने में जुटी है।**

जिस पर एसीबी चौकी भरतपुर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित सिंह के नेतृत्व में ट्रेप की कार्रवाई करते हुए कनिष्ठ विधि अधिकारी प्रशांत गुप्ता को एक लाख रुपये रिश्वत लेते हुए ट्रेप किया गया है, एवं संदिग्ध उप सचिव आवासन मंडल जयपुर अनिल पालीवाल की भूमिका की जांच की जा रही है।

पांच तस्कर गिरफ्तार

जयपुर । जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल जिला स्पेशल टीम ने प्रताप नगर, सांगानेर सदर, सांगानेर और हरमाड़ा इलाके में कार्रवाई करते हुए पांच तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से अवैध मादक पदार्थ स्मैक 5.08 ग्राम, गांजा 33 ग्राम एवं बिक्री की राशि 9400 रुपये बरामद किया गया। जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत सीएसटी ने प्रताप नगर,सांगानेर सदर,सांगानेर और हरमाड़ा थाना इलाके में कार्रवाई करते हुए चार प्रकरण दर्ज कर राजन्ती सांसी निवासी मेहंदवास जिला टोंक हाल सांगानेर जयपुर,अनीता सांसी निवासी टोंक हाल प्रताप नगर जयपुर,कमल्या सांसी निवासी टोंक हाल सांगानेर सदर,मुकेश सैनी निवासी हरमाड़ा और कैलाश प्रजापत उर्फ बाबा निवासी करधनी जयपुर को गिरफ्तार किया है।

रिफ में नवाजे जाएंगे गीतकार मरहूम निदा फाजली

जयपुर । मेहरानगढ़ म्यूजियम ट्रस्ट के सहयोग से राजस्थान इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल (रिफ) के 11वे संस्करण का आयोजन 1 से 5 फरवरी तक जोधपुर के आइनॉक्स पीवीआर, अंसल रॉयल प्लाजा और मेहरानगढ़ फोर्ट में होगा। इस साल का फेस्टिवल सिनेमास्थान-अ पैनोरमा ऑफ सिनेमा इन राजस्थान थीम पर होगा।

रिफ के संस्थापक सोमेन्द्र हर्ष ने



बताया कि इस वर्ष का हसरत जयपुरी अवॉर्ड फॉर कंट्रीब्यूशन ऑफम्यूजिक इन सिनेमा गीतकार निदा फाजली को मरणोपरांत दिया जाएगा। यह सम्मान उनकी धर्मपत्नी मालती जोशी फाजली ग्रहण करेंगी। सम्मान समारोह 5 फरवरी को जोधपुर के ऐतिहासिक मेहरानगढ़ किले में होगा।

राजस्थान इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में अतुल पांडे निर्देशित और अतुल गंगवार निर्मित फिल्म मैं निदा की स्क्रीनिंग 1 फरवरी को होगी। रिफ के संस्थापक एवं फेस्टिवल डायरेक्टर अंशु हर्ष और सोमेंद्र हर्ष ने बताया की फेस्टिवल में ब्लैक बॉक्स सेटअप के अंतर्गत वीविंग रूम और रिफ फिल्म मार्केट की फिल्मों को पूरे पांच दिन तक देखने की सुविधा होगी। इसके बाद 2 से 5 फरवरी तक फिल्म स्क्रीनिंग, ओपन फोरम, कार्यशालाएं और टॉक शो भी आईनॉक्स पीवीआर, अंसल रॉयल प्लाजा में होंगे।

एस.एम.एस. अस्पताल के आयुष्मान टावर में आग

वैल्डिंग से निकली चिंगारी से फाइबर ने लगी थी आग, एक दमकल ने बुझाई

जयपुर । सवाई मानसिंह अस्पताल परिसर में निर्माणाधीन आयुष्मान टावर में बुधवार सुबह अचानक आग लग गई। आग की सूचना पर बाईस गोदाम फायर स्टेशन से एक दमकल ने मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पाया। आग से मौके पर रखा वायर और फाइबर सीट जल गई। आग लगने की वजह वेल्डिंग के दौरान निकली चिंगारी को बताया जा रहा है। घटना के दौरान बेसमेंट में लिफ्ट के वेल्डिंग का काम चल रहा था। आग लिफ्ट के रास्ते 22वीं मंजिल तक पहुंच गई थी। आग का धुआं करीब दो किमी दूर से नजर आ रहा था। मौके पर पहुंची दमकल ने आग पर करीब आधा घंटे में ही काबू पा लिया।

फायर कर्मचारी दीपक चंद ने बताया कि आयुष्मान टावर के बेसमेंट में लिफ्ट की बिल्डिंग का काम चल रहा था। इसी दौरान मौके पर रखा हुआ फाइबर ने आग पकड़ ली। इसके बाद आग का धुआं लिफ्ट के रास्ते होता हुआ टावर के टॉप तक चला गया। जिस से लोगों को लगा की बिल्डिंग में बडी आग लग गई हैं। आग बेसमेंट में रखे कबाड़ में लगी थी। धुआं देख लोगों को लगा था आग बड़ी थी लेकिन ये बेसमेंट तक ही थी। बिल्डिंग का काम अभी जारी है।

चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने सवाई मानसिंह अस्पताल पहुंचकर आयुष्मान टॉवर में आग लगने की घटना का जायजा लिया।

उधर हादसे की सूचना पाकर चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने भी निर्माणाधीन आयुष्मान टॉवर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। खींवसर ने आयुष्मान टॉवर में घटना स्थल पर पहुंचकर आगजनी की स्थिति को देखा और अधिकारियों से आग लगने के कारण एवं वस्तु स्थिति के बारे में जानकारी ली। सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ.दीपक माहेश्वरी ने बताया कि निर्माणाधीन परिसर में काम आ रही सामग्री के पैकिंग मैटेरियल एवं कचरे आदि में वैल्डिंग के कार्य के दौरान चिंगारी से आग लग गई थी, जिसे तुरंत ही बुझा दिया गया था। आग से किसी भी तरह का कोई नुकसान नहीं हुआ है।

चिकित्सा मंत्री ने स्वयं वस्तु स्थिति का अवलोकन करने के बाद निर्देश दिए कि निर्माण कार्य के दौरान सावधानी एवं सुरक्षा का पूरा ध्यान रखा जाए, ताकि किसी भी प्रकार की कोई दुर्घटना नहीं हो। उन्होंने अधिकारियों को कहा कि आयुष्मान टॉवर के निर्माण में गुणवत्ता का भी विशेष ध्यान रखा जाए।

गौरतलब है कि इस टावर में 1200 बैड (792 जनरल, 150 कॉटेज, 166 आईसीयू और 92 प्रीमियम रूम) होंगे। इसके अलावा 20 ऑपरेशन थिएटर के अलावा 100 ओपीडी रजिस्ट्रेशन काउंटर होंगे। इसके अलावा सिटी, एमआरआई, मेडिकल साइंस गैलेरी, फार्मेसी स्टोर, सेमिनार हॉल समेत अन्य कई सुविधाएं विकसित होगी।यहां कई तरह की जांच के लिए अत्याधुनिक मशीनें लगाई जाएगी। इस बिल्डिंग में आने वाले मरीजों की सुविधा के लिए 16 लिफ्ट लगाई जाएंगी। जबकि दो मंजिल पर पार्किंग डवलेप होगी। इसके अलावा इसी तरह हार्ट से संबंधित मरीजों का इलाज और यहां पढ़ाई करने वाले मरीजों के लिए एक नई यूनिट भी बनाई जाएगी। इंस्टीट्यूट ऑफ कार्डियोवैस्कुलर साइंस खोला जाएगा। 4 मंजिला इस बिल्डिंग में ओपीडी रूम, सिटी स्कैन-एमआरआई लैब, कार्डियक डायग्नोसिस, हीमेटोलोजी, रजिस्ट्रेशन काउंटर, 4 कैथ लैब, 3 ऑपरेशन थिएटर समेत अन्य सुविधाएं विकसित की जाएगी।

वृद्धा को बंधक बनाकर लूटपाट करने वाली नेपाली गैंग गिरफ्तार

जयपुर (कासं)। गांधी नगर थाना पुलिस और जिला स्पेशल टीम (डीएसटी) जयपुर पूर्व ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए वृद्ध महिला को बंधक बना कर लूटपाट करने वाली नेपाली के गैंग के दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से सोने-चांदी के जेवरात सहित तीन लाख 29 हजार रुपये की नकदी भी बरामद की है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व तेजस्विनी गौतम ने बताया कि गांधी नगर थाना पुलिस और डीएसटी पूर्व ने 21 जनवरी को निवासी देवी पथ सोनी अस्पताल के पास की रहने वाली वृद्ध महिला मंजू देवी कोठारी को बंधक बनाकर लूटपाट करने वाले नेपाली गैंग के शातिर बदमाश मदकुल दमाई और दान बहादुर को गिरफ्तार किया है और साथ ही पारेख बहादुर शाही, निरंजन शाही, प्रवीण बहादुर, महिला आरोपित सावित्री सहित अन्य आरोपी को नामजद कर उनके संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। पुलिस ने आरोपियों के पास से सोने-चांदी के जेवरात सहित तीन लाख 29 हजार रुपये की नकदी भी जब्त की है।

- **गांधी नगर पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से सोने-चांदी के जेवर और 3.29 लाख रु. जब्त किए**

अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व आशाराम चौधरी ने बताया कि गांधी नगर थाना इलाके में स्थित सोनी अस्पताल के पास देवी नगर में रहने वाली मंजू कोठारी (75) के घर में 21 जनवरी को वारदात हुई थी। लूट की वारदात में एक सप्ताह पहले रखी एक नेपाली नौकरानी सावित्री ने दो लोगों को घर पर बुलाया था। आरोपित सावित्री ने दो बदमाशों को घर में प्रवेश करवाया था। इस दौरान मंजू कोठारी और उनके दोनों नौकर अपने कमरों में थे। बदमाशों ने पहले दोनों नौकर फिर मंजू देवी के साथ मारपीट कर उन्हें बंधक बनाया और अलमारी को खोल कर सात लाख रुपए नगद और करीब 50 लाख रुपए के जेवरात और अन्य सामान लूट कर फरार हो गए थे।